# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 30 डिग्री


11 सुशासन तिहार में कर्मचारियों का आरोप, धान खरीदी...





12 46 वर्षों में 2 लाख से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण...




## खबर संक्षेप

### परसट्टी में समाधान शिविर आज

**मगरलोड।** मगरलोड विकासखंड के ग्राम परसट्टी में 4 जून को सुशासन समाधान शिविर रखा गया है। शिविर में ग्राम भेंडरी, चन्द्रसुर, नवागांव बु., चंदना, परसट्टी, परेवाडीह, मोहरेंगा, धौराभाठा कु., कुंडेल सहित 10 ग्राम पंचायत शामिल होंगी।

### मेघा आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

**मगरलोड।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मेघा कैम्प में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इलेक्ट्रीशियन, फिटर, सोलर टेक्नीशियन, कोपा में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से 15 जून की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

### श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव 5 को

**धमतरी।** श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी का 37वां वार्षिकोत्सव 5 जून को शाम 5 बजे पुराना जनपद भवन तहसील कार्यालय के पास धमतरी में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक होंगे। अध्यक्षता विजय मोटवानी सभापति पीडब्ल्यूडी नगरपालिक निगम करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ चन्द्रशेखर चौबे पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गायन वादन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी।

### पर्यावरण दिवस पर डोमा में वरिष्ठों का होगा सम्मान

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष भी ग्राम डोमा (गुजरा) में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम में ओंकार साहू विधायक धमतरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर, जनपद सदस्य श्रीमती फागेश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्यद्वय डॉ दयालाल साहू, अमरदीप साहू व पंचम साहेब कबीर रामस्वरूप पारख मंदिर गोरखपुर शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच गुंजन बनपेला करेंगे। इस कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा।

### होरीलाल मंडल प्रभारी एवं डगेश्वर सहप्रभारी बने


होरीलाल साहू


डगेश्वर सोनकर

**मगरलोड।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव के निर्देशानुसार अजय चंद्राकर कुरूद विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने होरीलाल साहू को भाजपा मेघा मंडल प्रभारी एवं डगेश्वर सोनकर को सहप्रभारी नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचायेंगे। नियुक्ति पर बीरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, श्याम साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष हृदय साहू, महामंत्री प्रीतराम देवांगन, कुशलकान्त साहू, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, मंत्री चंद्रहास साहू, राजेश साहू, सरिता कश्यप, नंदनी साहू, विनीत साहू, अनीता देशमुख, जिला मंत्री विद्या दुर्गेश यादव ने हर्ष जताया है।

# दलहन-तिलहन फसल : धमतरी ने खरीदा प्रदेश का 41 प्रतिशत चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में चने की बरसात हुई है। पिछले साल की तुलना में इस साल 6 गुना अधिक चने की खरीदी हुई है। यही नहीं पूरे प्रदेश में खरीदी का 41 प्रतिशत से अधिक चना तो सिर्फ धमतरी जिला ने ही खरीदा है।

जिला प्रशासन की मुहिम इस बार रंग लाई। कृषि विभाग ने इस रबी सीजन में गांव-गांव में घूमकर किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रेरित किया। जिले में किसानों ने प्रशासन की अधिकारियों की सलाह मानी और धान की जगह चने की फसल लगाई। ▶▶ शेष पेज 12 पर

## छह गुना ज्यादा चने की बारिश

### पूरे राज्य में अव्वल

पिछले साल जिले में 20 हजार क्विंटल चने की खरीदी हुई थी। इस साल 1 लाख 16 हजार 162 क्विंटल चने की खरीदी की गई है। यही नहीं धमतरी जिले की स्थिति पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। पूरे प्रदेश में 2 लाख क्विंटल चने की खरीदी हुई है। इस खरीदी का 41 प्रतिशत से ज्यादा तो धमतरी जिले ने ही खरीदा है।


फाइल फोटो

### कुरूद में मसूर की खरीदी

जिले के एक मात्र कुरूद खरीदी केंद्र में मसूर की आवक हुई। यहां 13 किसानों ने 41 क्विंटल मसूर बेचा है। कुरूद के साथ भखारा, छाती और संबलपुर में सरसों की आवक हुई। कुल 73 किसानों ने 323.50 क्विंटल सरसों बेचा है।

### तरसींवा में सर्वाधिक खरीदी

खरीदी के मामले में तरसींवा खरीदी केंद्र पहले स्थान पर है। यहां पर सबसे ज्यादा 2 हजार 789 किसानों ने 37 हजार 896 क्विंटल चना बेचा है। दूसरे नम्बर पर लोहरसी खरीदी केंद्र है, जहां पर 1 हजार 559 किसानों ने 19 हजार 46.50 क्विंटल चना बेचा है। कुरूद में 1 हजार 189 किसानों ने 17 हजार 646 क्विंटल, भखारा में 846 किसानों ने 12 हजार 956.50 क्विंटल, कातलबोड़ में 866 किसानों ने 10 हजार 24.50 क्विंटल, संबलपुर खरीदी केंद्र में 750 किसानों ने 8 हजार 449.50 क्विंटल, छाती में 750 किसानों ने 7 हजार 771.50 क्विंटल, मगरलोड में 157 किसानों ने 1 हजार 118.50 क्विंटल, नगरी में 37 किसानों ने 169 क्विंटल, बोरसी में 80 किसानों ने 618 क्विंटल और सलोनी में 80 किसानों ने 492.50 क्विंटल चना बेचा है।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

# जिला अस्पताल की क्षमता बढ़कर होगी 450 बिस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपचार हेतु आए मरीजों एवं भर्ती रोगियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा परिजनों से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और उपचार व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला अस्पताल में प्रारंभ की गई अटल आरोग्य लैब का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक एवं पूर्णतः स्वचालित प्रयोगशाला के माध्यम से जिले के नागरिकों को 133 से अधिक प्रकार की जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। वर्तमान में 94 प्रकार की जांच सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, जिनमें सीरोलॉजी, हीमेटोलॉजी, इम्यूनोएसे, हार्मोन एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर तथा क्लीनिकल पैथोलॉजी सहित अनेक विशेष जांचें शामिल हैं। आगामी चरणों में शेष जांच सुविधाएं भी प्रारंभ की जाएंगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डॉ.अरूण टोण्डर सहित स्वास्थ्य, लोक निर्माण और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रॉमा सेंटर एवं विशेष इकाइयों का भी होगा विस्तार






### स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज की आधारशिला : मिश्रा



कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अटल आरोग्य लैब की सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने नागरिकों से समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना पर विशेष जोर दिया जा रहा है। स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज और विकसित राज्य की आधारशिला होते हैं।

### 40 बिस्तर वाला पृथक आई हॉस्पिटल

गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए 50 बिस्तरों की पृथक विशेष इकाई स्थापित की जाएगी। समयपूर्व जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं के लिए अत्याधुनिक एचसीयू (हाई केयर यूनिट) की व्यवस्था की जाएगी। नेत्र रोगियों के उपचार हेतु 40 बिस्तरों वाला पृथक आई हॉस्पिटल भी विकसित किया जाएगा। हाल ही में एमडी मेडिसिन, एमडी ऑर्थोपेडिक्स एवं दो पैथोलॉजिस्ट ने सेवाएं प्रारंभ की हैं, वहीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की भी पदस्थापना की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में लिफ्ट, एमसीएस, ओटी काउंटर तथा अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### स्वास्थ्य अधोसंरचना का निरंतर विस्तार

आने वाले समय में जिला अस्पताल क्षेत्र के प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित होगा, जहां अत्याधुनिक जांच, उपचार और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य अधोसंरचना का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में ट्रॉमा सेंटर का संचालन लगभग पूर्ण हो चुका है तथा उसके दूसरे चरण के अंतर्गत ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी प्रारंभ कर दी गई हैं। अस्पताल में वर्तमान स्वीकृत 250 बिस्तरों के अतिरिक्त 200 नए बिस्तरों की वृद्धि की जाएगी, जिससे भविष्य में जिला अस्पताल की कुल क्षमता बढ़कर लगभग 450 बिस्तरों तक पहुंच जाएगी। अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है तथा प्रस्तावित जी-प्लस 5 भवन के निर्माण का कार्य आगामी डेढ़ से दो वर्षों में पूर्ण होने की संभावना है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ बरबांधा मोड़ की घटना

रात्रि में अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बनबगौद निवासी नरेंद्र सिंह राजपूत पिता लखनसिंह उम्र 40 वर्ष मंगलवार की रात्रि गांव की बैठक में गया था, जहां से रात्रि में बाइक चलाते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम बरबांधा मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक सवार युवक को चपेट में ले लिया। घटना के बाद आरोपी चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़ा था जिसे संजीवनी 108 एम्बुलेंस की टीम द्वारा देर रात्रि उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# पुलिस का नशे के सौदागरों पर बड़ा प्रहार : तीन दिन में 18 आरोपी गिरफ्तार, अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थों और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का कड़ा अभियान जारी है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में पुलिस ने पिछले तीन दिनों के भीतर कुल 16 आबकारी प्रकरण दर्ज कर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिससे अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।



### मोटरसाइकिल और शराब जब्त

अभियान के तहत दो दिन पूर्व ही अलग-अलग थानों में आबकारी एक्ट के 14 मामलों में 15 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद कार्रवाई को और तेज करते हुए भखारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब परिवहन करते दो लोगों को पकड़ा। पुलिस ने सेमरा बी निवासी नीलमणि साहू और सुपेला निवासी सोमनाथ गाड़ा को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 35 पौवा देशी शराब (कीमत 2,800 रुपये) और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल (कीमत 10,000 रुपये) जब्त की गई। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### कुरुद में रंगेहाथ पकड़ाया गया आरोपी

इसी तरह एक अन्य मामले में कुरुद पुलिस ने रामसागर तालाब के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए चंडीपारा निवासी शुभम उर्फ पार्षद बंजारे को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 14 पौवा देशी शराब (कीमत 1,120 रुपये) और बिक्री की रकम 250 रुपये जब्त की गई है। इस मामले में पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत कार्रवाई की है।

## संबलपुर बाईपास में लगी थी भीषण आग

# पुलिस ने फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर आग पर पाया काबू





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संबलपुर बाईपास मार्ग में लगी भीषण आग पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया।

मंगलवार की रात्रि पुलिस को संबलपुर बाईपास मार्ग के पास भीषण आग लगने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई। सूचना मिलते ही सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी के नेतृत्व में अर्जुनी पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरु कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल के पहुंचने तक सीएसपी, अर्जुनी थाना प्रभारी व पुलिस की टीम द्वारा मौके पर मौजूद संसाधनों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोका गया। दमकल टीम के पहुंचने के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड के संयुक्त प्रयास से आग पर पूर्णत: काबू पा लिया गया। इससे बड़ी दुर्घटना एवं किसी प्रकार का संपत्ति का नुकसान टल गया।

## लगातार लीकेज, पाइप फूटने और गंदे पानी की आ रही शिकायत

# पुरानी सीमेंट पाइपलाइन बदलेगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में करीब 40 साल पहले बिछाई गई सीमेंट पाइपलाइन अब जर्जर हो चुकी है। लगातार लीकेज, पाइप फूटने और गंदे पानी की शिकायतों को देखते हुए नगर निगम ने पुरानी पाइपलाइन को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसकी शुरुआत सिविल लाइन क्षेत्र से की गई है, जहां पुराने कनेक्शनों को नई राइजिंग पाइपलाइन में शिफ्ट किया गया है।

रामसागरपारा और रिसाईपारा वार्ड में भी सर्वे कर कनेक्शन शिफ्टिंग की तैयारी चल रही है।

नगर निगम के अनुसार वर्ष 2012 में 14.70 एमएलडी क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के शुरू होने के बाद कई क्षेत्रों में पुरानी पाइपलाइन बंद कर नई लाइन से जल आपूर्ति की गई थी। अब 9 एमएलडी क्षमता का नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी शुरू होने वाला है। इसके साथ शहर में 84 किलोमीटर नई राइजिंग पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया है। जिन क्षेत्रों में अभी भी पुरानी सीमेंट पाइपलाइन से पानी सप्लाई हो रही है, वहां चरणबद्ध तरीके से नई पाइपलाइन डाली जाएगी।




### लोगों को सुरक्षित और साफ पानी मिलेगा



जल विभाग प्रभारी अखिलेश सोनकर ने बताया कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निगम गंभीरता से कार्य कर रहा है। पुरानी पाइपलाइन और नालियों से गुजरने वाले कनेक्शन को प्राथमिकता से बदला जा रहा है, ताकि लोगों को सुरक्षित और साफ पानी मिल सके।

### 250 कनेक्शन की शिफ्टिंग बाकी



महापौर रामू रोहरा ने बताया कि पूर्व में कराए गए सर्वे में 1200 ऐसे नल कनेक्शन पाए गए थे, जो नालियों के भीतर से गुजर रहे थे। इससे पेयजल दूषित होने का खतरा बना रहता था। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अधिकांश कनेक्शन शिफ्ट कर दिए गए, लेकिन करीब 250 कनेक्शन अब भी बाकी हैं। निगम ने संबंधित ठेकेदार को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वहीं नए सर्वे में करीब एक हजार और कनेक्शन नाली से गुजरते मिले हैं, जिन्हें शिफ्ट करने के लिए 60 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट शुरू होने के बाद जालमपुर, बठेना और नवागांव के ओवरहेड टैंक इससे जोड़े जाएंगे। इससे पुराने प्लांट पर दबाव कम होगा और पानी भरने की प्रक्रिया तेज होगी। वर्तमान में जिन टैंकों को भरने में 7 से 8 घंटे लगते हैं, वे अब 5 से 6 घंटे में भर सकेंगे।

# इको वैन व बाइक में हुई भिड़ंत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुधवार की दोपहर इको वैन व बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 05 एडी 4081 में दो युवक सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान इको वैन क्रमांक सीजी 05 एक्यू 9261 का चालक संतोषदास विपरीत दिशा से आ रहा था। ग्राम सेन्चुआ पुल के पास इको वैन व बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवकों के पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सेनचुआ पुल की घटना





## खबर संक्षेप

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तुमगांव के बाजार चौक के पास फ्रीडम चौक में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अरविंद वार्ड नं 08 तुमगांव ने बताया कि 30 मई की रात करीबन 11 बजे बाजार चौक के पास फ्रीडम चौक में यशवंत बंजारे के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय रोशन बांधे ने गाली गलौज कर पत्थर से सिर में मारा और जान से मारने की धमकी देते हुए नाली में उसे डूबाकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### रेत फेंकने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम रामाडबरी में रेत फेंकने की बात पर हुए विवाद में दो पक्षों की बीच मारपीट हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नरेंद्र सोनटके निवासी ग्राम रामाडबरी ने बताया कि 02 जून की शाम करीबन 05 बजे वह केरामुडा रोड स्थित अपने खेत से ट्रैक्टर ट्राली में ईंट लोडकर वापस अपने घर मेरी पत्नी हसीना सोनटके के साथ पैदल आ रहा था।

## निधन

### वासुदेव ध्रुव



**धमतरी।** स्थानीय रामसागरपारा निवासी वासुदेव ध्रुव डीजल पम्प मैकेनिक 78 वर्ष का 3 जून को निधन हो गया। वे दुलचंद ध्रुव एवं गणेश ध्रुव के पिता तथा शुभम, प्रांजल ध्रुव के दादा थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### तेजराम यादव

**धमतरी।** ग्राम दर्री निवासी तेजराम यादव 77 वर्ष का अस्वस्थता के चलते 31 मई को निधन हो गया था। वे जिला मीडिया प्रभारी माखन यादव एवं ललित यादव के पिता थे। छग कोसरिया यादव समाज के पदाधिकारियों एवं दर्री के ग्रामीणजनों ने श्रद्धांजलि दी।

### सुनील कुमार पिल्ले



**धमतरी।** जल विहार कालोनी धमतरी निवासी सुनील कुमार पिल्ले 45 वर्ष का गत दिनों निधन हो गया है। वे कुमार नायर, विजय नायर और राजशेखर नायर के बहन दामाद थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दलहन-तिलहन फसल : धमतरी ने खरीदा...

खपरी, भानपुरी सहित कई गांव में शत-प्रतिशत चने की फसल ली गई। घोषणा के अनुसार शासन ने किसानों से प्रति एकड़ 6 क्विंटल के हिसाब से चने की खरीदी की। अब खरीदी समाप्त हो चुकी है। खास बात यह है कि इस साल जमकर चने की खरीदी हुई है। पिछले साल की तुलना में इस साल तो 6 गुना अधिक खरीदी हुई है। किसानों को भुगतान भी काफी हद तक कर लिया गया है। कुछ किसानों का भुगतान बाकी है, जिसे निबटाया जा रहा है।

# घोषणा के बाद भी काम शुरू नहीं, ग्रामीणों ने उठाया पुल निर्माण का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत द्वारा पुराना बस्ती क्षेत्र में महानदी पर पुल निर्माण की घोषणा किए जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने और शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिए जाने के बाद भी वर्षों से केवल घोषणाएं ही होती रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं हुआ।

पुल के अभाव में किसानों और ग्रामीणों को आवागमन एवं कृषि कार्यों में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों तक पहुंचने और कृषि उपज के परिवहन में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए क्षेत्र के किसानों ने स्वयं आगे आकर वैकल्पिक पुल बनाने का कार्य शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों के अनुसार शासकीय स्तर पर निर्माण कार्य नहीं होने से मजबूर होकर किसानों ने अपने श्रम और निजी खर्च से अस्थायी पुल निर्माण का बीड़ा उठाया है। इस कार्य में पन्नालाल साहू, हीरालाल साहू, मन्नू साहू, छोटेलाल साहू, पवन किरण साहू सहित अन्य कृषक सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और नगर पंचायत से मांग की है कि स्वीकृत पुल का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि किसानों एवं आम नागरिकों को स्थायी समाधान मिल सके और आवागमन की समस्या दूर हो सके।



### पुरानी बस्ती महानदी में पुल निर्माण में देरी से आक्रोश

#### प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई, निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा



नगर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है। निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा। किसान पुल अपनी वैकल्पिक सुविधाओं के लिए बना रहे हैं।

### पुलिस और अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद खोला गया

# चटौद स्कूल की प्रधानपाठिका ने सशिमं भवन में जड़ा ताला





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर चटौद में सोमवार की सुबह स्कूल परिसर में ताला लगने से हड़कंप मच गया। शासकीय प्राथमिक शाला चटौद की प्रधानपाठिका ने अचानक ताला लगाकर भवन पर नोटिस चस्पा कर दिया, जिसमें कहा गया कि यह भवन प्राथमिक शाला का है। यह घटना 2 जून को सुबह 9.45 बजे हुई। आठ कमरों और मुख्य द्वार में सूचना चस्पा होने के बाद विद्यालयीन कार्य बाधित हो गए। इससे कार्यरत आचार्य और अन्य स्टाफ सकते में आ गए। जब आचार्यों ने विरोध किया तो प्रधानपाठिका ने अभद्र व्यवहार किया। शाला विकास समिति को तुरंत इसकी सूचना दी गई।

सदस्यों ने इसकी शिकायत शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारियों से की। घटना की जानकारी पुलिस चौकी बिरेझर में भी दी गई। पुलिस चौकी बिरेझर से अधिकारी स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे। बीआरसी कुरूद से कुलेश्वर सिन्हा एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि सहायक संचालक श्री वर्मा भी तुरंत घटनास्थल पहुंचे। प्रधानपाठिका को फोन कर विद्यालय में उपस्थित होने का आदेश दिया गया। वह लगभग दोपहर 3 बजे विद्यालय पहुंची। अधिकारी एवं पुलिस के कहने पर भी उन्होंने ताला नहीं खोला। उनका कहना था कि सरस्वती शिशु मंदिर का भवन भी प्राथमिक शाला का ही है। पुलिस और अधिकारी के कहने पर प्राथमिक शाला विकास समिति चटौद के सदस्यों ने ताला खोला।

इस मामले में ग्राम पंचायत चटौद के सरपंच खेमचंद साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर भवन सन 1992 से संचालित है तथा ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास करके जमीन आवंटित की गई है जिस पर सरस्वती शिशु मंदिर का स्वयं का भवन बना। अधिकारियों ने घटना का प्रतिवेदन बनाकर जांच के लिए उच्च अधिकारी को भेजा है। ग्रामीणों ने प्रधानपाठिका के इस व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनके अन्यत्र स्थानांतरण की मांग की है।

# जिलाध्यक्ष श्रवण, भावसिंह बनाए गए सचिव

- गोंडवाना समाज सेवा समिति की कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



गोंडवाना समाज सेवा समिति की बैठक केकती सेंटर दुगली आयोजित की गई, जिसमें समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से श्रवण मरकाम को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में श्रीमती अंबिका मरकाम, रामप्रसाद मरकाम, डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, मयाराम नागवंशी एवं बिन्दा नेताम को दायित्व सौंपा गया।

तहसील अध्यक्ष के रूप में टिकेश्वर ध्रुव नगरी, रामजी नेताम मगरलोड एवं कृष्णा मरकाम धमतरी को मनोनीत किया गया। जिला उपाध्यक्ष साधुराम नेताम, मनोज साक्षी एवं ईश्वर मंडावी, भावसिंह कोर्राम सचिव, रूपसाय नेताम सहसचिव, आरडी नेताम कोषाध्यक्ष, डोमार सिंह ध्रुव प्रवक्ता बनाए गए।

बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्यों एवं सलाहकार मंडल के सदस्यों का चयन किया गया। जिला अध्यक्षश्रवण मरकाम ने कहा कि संगठन की मजबूती, समाज में जागरूकता एवं युवा पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

बैठक में तसील अध्यक्ष टिकेश्वर ध्रुव, रामप्रसाद मरकाम, मयाराम नागवंशी, परदेशीराम कोमरे, बुधराम साक्षी, उपाध्यक्ष भगवान सिंह नेताम, जितेंद्र कुंजाम, शोभीराम नेताम, जवाहर मरकाम, हरक मंडावी, सुखराम मरकाम, नारायण मरकाम, सचिव शत्रुघन साक्षी, सहसचिव सुरेंद्र नेताम, श्यामसुंदर नेताम, संतोष नेताम,राजू कावडे, दलगंजन मरकाम, महिला प्रभाग अध्यक्ष सतरूपा तमोवंशी, फूलेश्वरी नेताम, रामकुंवर मंडावी, जलबती नागेश, सोमनाथ नेताम, प्रमोद कुंजाम, राजेश समरथ, सोनाराम नेताम, सेवाराम नेताम, जग्गू राम मरकाम, राधे नेताम, जगदेव मरकाम उपस्थित थे।

# भाजपा भोथली मंडल करेगा डोंगापथरा (देवपुर) में पौधरोपण



**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा भोथली मंडल द्वारा 5 जून शुक्रवार को डोंगापथरा (देवपुर) में पौधारोपण कार्यक्रम एवं मंडल की मासिक बैठक का आयोजन प्रातः 10 बजे रखा गया है।

इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी डॉ. किरण बघेल का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री महेंद्र पंडित तथा सह प्रभारी राजीव सिन्हा की विशेष उपस्थिति रहेगी। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधारोपण किया जाएगा। इसके बाद आयोजित मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ सशक्तिकरण, मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर की गतिविधियों की समीक्षा सहित विभिन्न समसामयिक संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल ने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

# लंबित पदोन्नति, समयमान वेतनमान और ओपीएस एनपीएस मुद्दे पर शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल शिक्षा सचिव तथा लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन ने प्राचार्य पदों पर 10 प्रतिशत कोटे से भर्ती, सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक के समयमान वेतनमान तथा एनपीएस-ओपीएस से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग की।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष दयालुराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार ठाकुर, महामंत्री सीताराम साहू और संगठन मंत्री रोमन लाल ने बताया कि शिक्षा विभाग में प्राचार्य के स्वीकृत पदों में 90 प्रतिशत पद पदोन्नति तथा 10 प्रतिशत पद सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। विभाग ने 90 प्रतिशत कोटे के तहत पदोन्नति कर दी है, लेकिन 10 प्रतिशत कोटे की भर्ती अब तक लंबित है। फेडरेशन ने इस भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

बैठक में प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को समयमान वेतनमान स्वीकृत करने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। फेडरेशन का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में प्राथमिक शाला के प्रधानपाठकों को उच्चतर वेतनमान का लाभ मिल रहा है, जबकि राजपत्रित पद होने के बावजूद पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानपाठकों के लिए आदेश जारी नहीं हुआ है, जिससे वेतन विसंगति उत्पन्न हो गई है। सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग करते हुए फेडरेशन ने कहा कि राज्य के अन्य विभागों के कर्मचारियों को यह सुविधा मिल चुकी है, जबकि शिक्षकों को अब भी पुराने क्रमोन्नत वेतनमान के आधार पर लाभ दिया जा रहा है।

फेडरेशन ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के बीच उत्पन्न स्थिति पर भी चिंता जताई। पदाधिकारियों का कहना है कि नवंबर 2012 से कर्मचारियों और सरकार का अंशदान एनपीएस में जमा हो रहा था, जबकि ओपीएस को 1 अप्रैल 2022 से लागू किया गया। फेडरेशन ने ओपीएस को पूर्व प्रभाव से लागू करने और कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभों को स्पष्ट करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष, प्रमुख महामंत्री, महामंत्री, उपाध्यक्ष सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दुग्ध क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. भूपेन्द्र सम्मानित



**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में पदस्थ पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. भूपेन्द्र कुमार सिन्हा को पशुधन एवं दुग्ध क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान तथा लेखन कौशल के लिए प्रतिष्ठित डॉ. वर्गीज कुरियन नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान पशुधन प्रहरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय लेख लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। प्रतियोगिता विश्व दुग्ध दिवस 1 जून को थी। डॉ. सिन्हा को फील्ड वेटरिनेरियन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। डॉ. सिन्हा को यह सम्मान डेयरी एवं पशुधन क्षेत्र के विकास हेतु उनके नवाचारपूर्ण विचारों, मौलिक लेखन तथा पशुपालकों के हित में किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। उनके लेख में पशुधन प्रबंधन, दुग्ध उत्पादन वृद्धि तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए थे। इस उपलब्धि पर जिले के पशुपालकों, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# रत्नाबांधा में मछली हाट बाजार निर्माण की मांग

- बाजार स्थल नहीं होने के कारण मछुआरे सड़क किनारे कर रहे कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम पंचायत रत्नाबांधा में स्थानीय मछुआरों की सुविधा और सुरक्षित आजीविका के लिए आधुनिक मछली हाट-बाजार निर्माण की मांग उठाई गई है। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मांग पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

मांग पत्र में उन्होंने बताया है कि रत्नाबांधा एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरा परिवार निवास करते हैं, जिनकी आजीविका मुख्य रूप से मछली विक्रय पर निर्भर है। वर्तमान में स्थायी बाजार स्थल नहीं होने के कारण मछुआरों को सड़क किनारे बैठकर कारोबार करना पड़ता है। इससे यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

श्री मीनपाल ने कहा कि संबंधित मार्ग पर फोरलेन सड़क निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। सड़क चौड़ीकरण के बाद मछुआरों के लिए सड़क किनारे व्यवसाय करना और अधिक कठिन हो जाएगा। ऐसी स्थिति में उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है। इसे देखते हुए एक व्यवस्थित एवं सर्वसुविधायुक्त मछली हाट-बाजार की आवश्यकता है।

उन्होंने सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, डीएमएफ तथा अन्य शासकीय योजनाओं के माध्यम से इस निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की जा सकती है। आधुनिक बाजार बनने से मछुआरों को सुरक्षित व्यापारिक स्थल मिलेगा, वहीं स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

### शहर विकास और व्यापार को मिले नए अवसर

**धमतरी।** चेंबर ऑफ कॉमर्स और जिला प्रशासन के बीच आयोजित उच्चस्तरीय बैठक ने व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सामने लाया। लगभग एक घंटे तक चली इस बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने व्यापारियों की हर मांग को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकांश मुद्दों का मौके पर ही निपटारा किया। बैठक में भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर तत्काल रोक, भोयना आरटीओ कार्यालय में भोजन और पानी की व्यवस्था और जिले में वाहन फिटनेस सेंटर शुरू करने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर निर्णय लिया गया। बैठक में व्यापारियों ने शहर के विकास और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर जोर दिया। कलेक्टर ने रेत और माइनिंग से जुड़े परिवहन और दरों के सवालों पर तत्काल आदेश जारी किए। साथ ही प्रस्तावित ट्रेड लाइसेंस व्यवस्था में व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। बैठक में कैलाश कुकरेजा, दिनेश रोहरा, आलोक पांडे, रमेश, राजू रखेचा, रविंदर सिंह छाबड़ा, मितेश जैन, रोशन बुधवानी, राजेश जैन, ललित मानिक, भगत देवांगन, बृजेश, गजेंद्र, रवींद्र गुप्ता, अमित अग्रवाल, प्रमोद पाण्डेय, पवन अग्रवाल, सलीम, सादिक डोंडिया एवं प्रमोद मुंजवानी व अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर पार्षदों का कलेक्ट्रेट मार्च, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

- बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर की पवित्रता बचाने उठी आवाज, सभापति कौशल्या देवांगन के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



धार्मिक स्थलों पर किए जा रहे कब्जे तथा अनर्गल बयानबाजी एवं अवैधानिक कृत्य के विरोध में नगर निगम के पार्षदों ने सभापति कौशल्या देवांगन के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को लिखित में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित, धर्महित तथा शहर हित के कार्यों को संपादित करने पर किसी भी प्रकार की अनर्गल बयानबाजी, अनावश्यक दबाव तथा अवैधानिक कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षदगणों ने यह मांग भी की है कि बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर की सुचिता, उपयोगिता, पवित्रता को बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन आवश्यक कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट ने भी धार्मिक संस्थाओं तथा सार्वजनिक ट्रस्टों के हितों की रक्षा हेतु गाइडलाइन जारी की है।

गौरतलब है कि क्षेत्र में धार्मिक स्थलों को क्षति पहुंचाने तथा चोरी सहित विभिन्न घटनाएं लगातार हो रही हैं। निगम के पार्षदगणों ने जिला प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस पर अंकुश लगाने की मांग की है। आगे कहा है कि इस संदर्भ में मुख्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर समुचित कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में हिमानी साहू, अखिलेश सोनकर, आशा लोधी, हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर, शैलेश रजक, कुलेश सोनी, पिन्टू यादव, ईश्वर सोनकर शामिल रहे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**



### जर्जर ऑडिटोरियम नहीं मल्टीपर्पज हॉल की मांग

**कांकेर।** सुशासन तिहार के दौरान कांकेर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भेंट कर जर्जर ऑडिटोरियम को हटाकर नवीन ऑडिटोरियम सह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (मल्टीपर्पज हॉल) निर्माण की मांग की। जनभागीदारी अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भाऊ ने बताया कि महाविद्यालय का पुराना ऑडिटोरियम अनुपयोगी हो चुका है, जिससे शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों के संचालन में परेशानी हो रही है। इस दौरान सपन श्रीवास्तव, शशांक रॉय, सुनील जायसवाल एवं रोशन साहू उपस्थित रहे।

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत ताड़वायली निवासी 35 वर्षीय रमेश दरपट्टी पिता दसरू दरपट्टी ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले गए थे, लेकिन 28 मई को उसकी मौत हो गई। जहर खाने का कारण अज्ञात है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भागवत पुराण कथा आज से होगी प्रारंभ

**भानुप्रतापपुर।** नगर के मध्य स्थित नयापारा वार्ड क्रमांक 13 में मदन गिरी गोस्वामी परिवार के द्वारा पुरुषोत्तम मास अधिक मास के प्रभावोत्पादक महत्व पर आधारित श्रीहरि भक्ति कथा का दिव्य आयोजन 04 जून से 12 जून तक किया जा रहा है। कथा व्यास पंडित प्रमोद पांडेय महाराज देवरबीजा वाले के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से सायं 07 बजे तक प्रवाहित होगी। कथा प्रथम दिवस 04 जून गुरुवार को सायं 04 बजे कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी तत्पश्चात पंचांग पूजन व गोकर्ण कथा के साथ समाप्त होगी।

### पेड़ से गिरे युवक की मौके पर हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा निवासी 38 वर्षीय लक्ष्मण कावड़े पिता मंगल कावड़े पेड़ से गिर पड़ा, जिसके कारण उसकी 2 जून को मौत हो गई। सीएचसी धनेलीकन्हार से अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक पेड़ में चढ़ा था। अचानक पेड़ से गिरने के कारणा उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मारपीट कर धमकाया, 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा क्षेत्र में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है तथा पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मामले में बिराजो बाई उईके की शिकायत पर कोयलीबेड़ा पुलिस ने कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोप है कि सभी ने मिलकर विवाद के दौरान प्रार्थी के साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की तथा मारपीट कर उसे नुकसान पहुंचाया। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपियों कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), धारा 296 (बी), धारा 3(5) एवं धारा 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। इन धाराओं में स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, अश्लील या अभद्र कृत्य, समान आशय से सामूहिक रूप से अपराध करने तथा आपराधिक धमकी देने जैसे प्रावधान शामिल हैं। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने संबंधित पक्षों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# धमतरी जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 8 जून को रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 8 जून को रोजगार दिवस का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष अभियान के अंतर्गत मनरेगा सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा ग्रामीण श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। रोजगार दिवस के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार मांग पंजीयन, श्रमिक जागरुकता, परिसंपत्ति निर्माण, जल संरक्षण, पौधरोपण की तैयारियां तथा योजना संबंधी विभिन्न प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले रोजगार दिवस कार्यक्रम में ग्रामीण श्रमिकों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, रोजगार सहायकों, तकनीकी अमले तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के विभिन्न प्रावधानों, रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया, मजदूरी भुगतान व्यवस्था तथा उपलब्ध कार्यों की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही पात्र श्रमिकों से रोजगार की मांग प्राप्त कर उन्हें समयबद्ध रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में 8 जून को रोजगार दिवस का आयोजन ग्रामीण विकास एवं रोजगार संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को मांग के अनुरुप समयबद्ध रोजगार उपलब्ध हो तथा मनरेगा के माध्यम से स्थायी एवं उपयोगी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाए।

**मनरेगा सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की होगी समीक्षा**



**मानसून पूर्व जल संरक्षण कार्यों में तेजी**

वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए ऐसे सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं जिनसे भू-जल स्तर में वृद्धि, जल संचयन तथा कृषि गतिविधियों को लाभ मिल सके। ग्राम पंचायतों में तालाब गहरीकरण, खेत तालाब निर्माण, स्टॉप डेम, चेक डेम, नाला सुधार, जल संरक्षण संरचनाओं तथा अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी वहीं वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूर्ण कर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही आगामी पौधरोपण अभियान की तैयारियों को भी रोजगार दिवस के दौरान प्राथमिकता प्रदान की जाएगी कार्यक्रम के दौरान जलदूत ऐप के प्रभावी संचालन की भी समीक्षा की जाएगी।

### तर्रागोंदी के शिविर में समिति प्रबंधक के खिलाफ एसडीएम से शिकायत

# सुशासन तिहार में कर्मचारियों का आरोप धान खरीदी प्रोत्साहन राशि निजी खाते में ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तर्रागोंदी में आयोजित सुशासन तिहार में एक गंभीर शिकायत सामने आई है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिलौटी अंतर्गत संचालित जुगदेही धान उपार्जन केंद्र के कर्मचारियों ने वर्तमान समिति प्रबंधक पर उनकी प्रोत्साहन राशि का भुगतान न कर उसे निजी खाते में ट्रांसफर कराने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने मामले की शिकायत अनुविभागीय दंडाधिकारी से कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत पत्र के अनुसार यह मामला खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान उपार्जन से जुड़ा है। इस दौरान जुगदेही केंद्र में लगभग 94,500 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इस कार्य को तत्कालीन प्रभारी समिति प्रबंधक खेमलाल साहू (लेखापाल) और डाटा एंट्री ऑपरेटर खिलावनराम साहू ने संपन्न कराया था। इसके बाद 15 फरवरी 2025 को अपेक्स बैंक के अंकित कुमार को इस समिति का नया प्रबंधक नियुक्त किया गया। कर्मचारियों का आरोप है कि अक्टूबर 2025 में शासन से प्राप्त प्रोत्साहन राशि (2,22,872.00 रुपये) को वर्तमान प्रबंधक अंकित कुमार ने सभा सेविंग खाता जुगदेही से नामे करवाकर अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिया, जबकि धान खरीदी के समय वे समिति में कार्यरत भी नहीं थे।



**अब एसडीएम से जांच व कार्रवाई की मांग**

परेशान कर्मचारियों ने सुशासन शिविर में एसडीएम के नाम शिकायत एवं मांग पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि धान खरीदी अनुबंध पत्र के नियमों के अनुसार उनकी शेष प्रोत्साहन राशि सीधे शाखा कोर्रा स्थित उनके बैंक खातों में जमा कराई जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों ने शासकीय राशि के कथित नियम विरुद्ध आहरण के मामले में अपेक्स बैंक के समिति प्रबंधक अंकित कुमार के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। सुशासन तिहार के दौरान सामने आए इस मामले ने सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस शिकायत की जांच कर क्या वैधानिक कदम उठाता है और कर्मचारियों को उनकी कथित बकाया राशि कब तक दिलाई जाती है।

**आंकड़ों की विसंगति और भुगतान में टालमटोल**

शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, शासन से प्राप्त कुल राशि में से तत्कालीन प्रभारी खेमलाल साहू का शेयर 78,005.20 रुपये (35%), खिलावन साहू का 44,574.40 रुपये (20%) और भृत्य भुनेश्वर साहू का शेयर 33,430.80 रुपये (15%) बनता था। इस प्रकार कुल 1,56,010.40 रुपये का वितरण किया जाना था। परंतु पूर्व प्रभारी खेमलाल साहू को महज 56,000 रुपये दिए गए, जिसे उन्होंने ऑपरेटर और भृत्य के बीच आपस में बांट लिया। वर्तमान में खेमलाल साहू के 53,005.20 रुपये, खिलावन साहू के 19,574.40 रुपये और भुनेश्वर साहू के 27,430.80 रुपये (कुल 1,00,010.40 रुपये) बकाया हैं। आरोप है कि जब कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने अपनी शेष प्रोत्साहन राशि की मांग की तो वर्तमान प्रबंधक द्वारा बजट समाप्त होने का हवाला देकर भुगतान टाल दिया गया। इससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ी और उन्होंने प्रशासन की शरण लेने का निर्णय लिया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने जारी की मंडल प्रभारी एवं सहप्रभारी की सूची

- संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने अनुभवी कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन तथा मंडलों में बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिले के 13 मंडलों के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारियों की घोषणा की है। संगठन के वरिष्ठ एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं को विभिन्न मंडलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शहर मंडल प्रभारी विजय साहू एवं सह प्रभारी कविंद्र जैन, आमदी मंडल प्रभारी राकेश साहू एवं सहप्रभारी श्यामा साहू, रांवा मंडल प्रभारी चेतन हिंदूजा एवं सह प्रभारी उमेश साहू, भोथली मंडल प्रभारी महेंद्र पंडित एवं सहप्रभारी राजीव सिन्हा, गंगरेल मंडल प्रभारी हेमंत चंद्राकर एवं सहप्रभारी अविनाश दुबे, कुरूद मंडल प्रभारी कुलेश्वर चंद्राकर एवं सहप्रभारी थनेश्वर साहू, भखारा मंडल प्रभारी आनंद यदु एवं सहप्रभारी छत्रपाल बैस, सिर्री मंडल के प्रभारी पुष्पेंद्र साहू एवं सह-प्रभारी जीवन साहू, मेघा मंडल के प्रभारी होरीलाल साहू एवं सह-प्रभारी डगेश्वर सोनकर, नगरी मंडल के प्रभारी मोहन नाहटा एवं सहप्रभारी महेंद्र नेताम, मगरलोड मंडल के प्रभारी श्रवण मरकाम एवं सह प्रभारी विजय यदु, बेलरगांव मंडल के प्रभारी अकबर कश्यप एवं सहप्रभारी राकेश चौबे तथा कुकरेल मंडल के प्रभारी विकल गुप्ता एवं सहप्रभारी महेश गोटा नियुक्त किए गए हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री बैस ने कहा कि भाजपा संगठन आधारित दल है, जहां कार्यकर्ताओं की क्षमता और समर्पण के आधार पर जिम्मेदारियां दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि मंडल प्रभारी एवं सह-प्रभारी संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच सेतु का कार्य करेंगे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। मंडल प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति से संगठन की गतिविधियों में और अधिक गति आएगी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य करने का अवसर मिलता है। मंडल स्तर पर नियुक्त प्रभारी एवं सह-प्रभारी संगठन के कार्यक्रमों को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जिला प्रभारी डॉ. किरण बघेल ने कहा कि आगामी समय में संगठन के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। ऐसे समय में मंडल स्तर पर सक्षम और सक्रिय टीम का होना आवश्यक है। पार्टी के विचारों और योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी है।

# शासन के आश्वासन बाद आज से काम पर लौटेंगे तहसीलदार और नायब तहसीलदार

- सरगुजा जिले के राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार के साथ हुई थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने शासन के साथ हुई सकारात्मक चर्चा तथा राजापुर (सरगुजा) प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई शुरू होने के बाद प्रदेशव्यापी सामूहिक अवकाश कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। आज 4 जून से प्रदेश के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट पुनः अपने नियमित शासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इससे धमतरी जिले सहित पूरे प्रदेश में राजस्व, न्यायालयीन, निर्वाचन और अन्य प्रशासनिक कार्य सामान्य रूप से संचालित होंगे।

संघ के अनुसार सरगुजा जिले के राजापुर में पदस्थ नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तुषार मानिक के साथ शासकीय कार्य के दौरान हुई मारपीट, अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा की घटना के विरोध में यह आंदोलन शुरू किया गया था। इस बीच राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री तथा विभागीय सचिव के साथ हुई चर्चा में अधिकारियों की सुरक्षा, कार्यालयीन संसाधनों की उपलब्धता, स्टाफ की कमी, वाहन सुविधा और अन्य लंबित मांगों को प्रमुखता से रखा गया।

संघ ने बताया कि शासन ने राजापुर प्रकरण में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं थाना सीतापुर में प्रकरण दर्ज कर नामजद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है।

संघ ने आगे कहा है कि आगामी 15 दिनों में शेष आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई और लंबित मांगों के निराकरण की दिशा में ठोस प्रगति अपेक्षित है। अन्यथा परिस्थितियों की समीक्षा कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

**बिजनेस साइट**

## महिंद्रा के राष्ट्रीय अधिकारियों ने बरड़िया एग्रो का किया निरीक्षण, किसानों से किया सीधा संवाद



- पांच किसानों को मिली ट्रैक्टर की डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महिंद्रा ट्रैक्टर्स की नई डीलरशिप बरड़िया एग्रो में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन डीलरशिप, किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए महत्वपूर्ण रहा।

कार्यक्रम में महिंद्रा के नेशनल सेल्स हेड परिक्षित घोष, जोनल हेड रमेश राठौर, स्टेट हेड दिलीप सिंह, सीनियर एरिया मैनेजर रमाकांत वेदी, लीड सीसीएम रावेंद्र तिवारी, डिप्टी मैनेजर सचिन हुडकर उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिकारियों ने डीलरशिप का निरीक्षण किया और किसानों से मुलाकात की। वहीं महिंद्रा की ग्राहक-केंद्रित सेवाओं और कृषि विकास की योजनाओं पर चर्चा की।

बरड़िया एग्रो के संचालक योगेश जैन ने सभी वरिष्ठ अतिथियों एवं किसानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि धमतरी एवं आसपास के किसानों को महिंद्रा ट्रैक्टर्स की संपूर्ण रेंज, बेहतर बिक्री-पश्चात सेवाएं एवं स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता एक ही स्थान पर प्रदान की जाएगी। डीलरशिप संचालक नितेश जैन ने किसानों को महिंद्रा द्वारा संचालित विभिन्न आकर्षक योजनाओं, वित्तीय सुविधाओं एवं एक्सचेंज ऑफर्स की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि धमतरी में महिंद्रा ट्रैक्टर्स का सर्विस नेटवर्क अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रहेगा तथा प्रशिक्षित तकनीशियनों और सुदृढ़ सर्विस सेटअप के माध्यम से किसानों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

वरिष्ठ अधिकारियों ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को जाना तथा आधुनिक कृषि यंत्रीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। किसानों ने भी महिंद्रा ट्रैक्टर्स की विश्वसनीयता एवं प्रदर्शन पर अपना विश्वास व्यक्त किया।

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि पांच किसानों ने नए महिंद्रा ट्रैक्टरों की डिलीवरी प्राप्त की। डिलीवरी समारोह के दौरान किसानों एवं उनके परिवारों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अधिकारियों ने बरड़िया एग्रो टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह डीलरशिप धमतरी क्षेत्र के किसानों को बेहतर उत्पादों एवं उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**अंचल की खबरें**

### तरांगन में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



**धमतरी।** गीतांजलि कत्थक ग्रुप की बालिकाएं पल्लवी सिन्हा, नेहा साहू, श्रेया श्रीवास और तुलीश साहू देहरादून में 4 से 7 जून तक आयोजित तरांगन 2026 में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। बालिकाओं के साथ उनके पालक और प्रशिक्षक भी रवाना हुए। इस दौरान समूह उत्तराखंड के प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थलों जैसे यमनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हेमकुंड, हरिद्वार, हरकीपोड़ी, मसूरी और मंशादेवी के दर्शन भी करेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली नृत्यांगनाओं द्वारा प्रस्तुत कत्थक नृत्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। यह प्रदर्शन बच्चों की कला और समर्पण का प्रतीक है, जिससे उनकी मेहनत और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता उजागर होती है।

### रायपुर में गोंड राजा रायसिंह जगत की प्रतिमा लगाने की मांग



**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ ने रायपुर संभाग के कमिश्नर से रायपुर शहर को बसाने वाले गोंड राजा रायसिंह जगत की आदमकद प्रतिमा नगर निगम क्षेत्र में लगाने की मांग की। संघ के नेताओं ने कहा कि शहर में कई महान विभूतियों की प्रतिमाएं हैं, लेकिन इस महान राजा की प्रतिमा नहीं होने के कारण उनके योगदान को आगामी पीढ़ी भूल सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि गोंड राजा की प्रतिमा बूढ़ा तालाब में लगाई जाए, ताकि उनकी यादें स्थायी रूप से बनी रहें। इस अवसर पर संघ के विभिन्न पदाधिकारी और गोंड समाज के सदस्य उपस्थित थे और उन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

### श्रम विभाग की योजनाओं के लिए विशेष शिविर लगाने की मांग



**धमतरी।** जनपद पंचायत धमतरी की कृषि स्थाई समिति के सभापति अग्रवाल (अमन) साहू ने जिला श्रम पदाधिकारी को पत्र सौंपकर ग्राम खपरी, भानपुरी एवं अर्जुनी में श्रम विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर आयोजित करने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि तीनों गांवों में बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक निवास करते हैं, जिनमें निर्माण श्रमिक, कृषि मजदूर, मनरेगा श्रमिक, घरेलू कामकाजी महिलाएं एवं दैनिक वेतनभोगी शामिल हैं। शासन द्वारा श्रमिकों के हित में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, चिकित्सा सहायता योजना एवं श्रमिक प्रसूति सहायता योजना जैसी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव और डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण अधिकांश पात्र श्रमिक इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। जिला मुख्यालय तक बार-बार आने-जाने में श्रमिकों का समय और मजदूरी दोनों प्रभावित होते हैं। ऐसे में गांवों के मध्य किसी सुविधाजनक स्थान पर एक या दो दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाए, ताकि नए श्रमिक पंजीयन, कार्ड नवीनीकरण और विभिन्न हितलाभ योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया सरल हो सके।

### संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर हुआ मंथन

**धमतरी।** अमलीडीह जोन में बूथ गठन का कार्य पूर्ण होने के पश्चात जोन कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य करता है। वर्तमान समय में किसानों, युवाओं, महिलाओं और मजदूर वर्ग से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुनने तथा उनके समाधान के लिए आवाज उठाने की जिम्मेदारी निभानी होगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण की काउंसिलिंग आज

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार स्व-रोजगार से जोड़कर उन्हें सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटों में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिये 04 जून को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में कांउसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कांकेर प्रवास के दौरान भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता मनीष जैन ने सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की विधिक, शैक्षणिक एवं न्यायिक आवश्यकताओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधि शिक्षा, रोजगार, श्रमिक हित एवं अधिवक्ता कल्याण से संबंधित चार प्रमुख मांगें रखी गईं। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता ने कांकेर स्थित शासकीय विधि महाविद्यालय में एलएलएम की कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में बस्तर संभाग में श्रम न्यायालय की स्थापना की आवश्यकता भी बताई गई, जिससे श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके।

### शिक्षा विभाग ने 50 हजार की अनुग्रह सहायता सौंपी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय हाई स्कूल हानपतरी में पदस्थ अंग्रेजी व्याख्याता स्व हीरा सिंह कंवर के आकस्मिक निधन पर शिक्षा विभाग ने उनके परिवार को 50 हजार की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की। कंवर का 29 मई को निधन हो गया था, जिससे शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई थी। खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे के निर्देश पर विभागीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला बिलासपुर स्थित उनके गृह ग्राम शहर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी रूबी कंवर को सहायता राशि सौंपी।

### पुरानी पेंशन योजना शीघ्र करें लागू बिजली कर्मियों ने सीएम को सौंपा

कांकेर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कांकेर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने बिजली कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर पंचसूत्रीय मांग पत्र सौंपा। संघ ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में लागू हो रही जनकल्याणकारी योजनाओं और मोदी की गारंटी के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर भी शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## पर्यावरण दिवस 5 जून पर विशेष

# 46 वर्षों में दो लाख से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बने शत्रुघ्न पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड निवासी पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी शत्रुघ्न पांडे पिछले 46 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे हैं। अपने सेवा काल से शुरू हुआ पौधारोपण का सफर आज भी निरंतर जारी है। वे अब तक दो लाख से अधिक पेड़ लगाकर जिले में हरियाली बढ़ाने का अनूठा कार्य कर चुके हैं। शहर और गांवों के तालाब किनारे, खेतों की मेड़, खाली पड़ी जमीन, कॉलोनियों, बगीचों और सार्वजनिक स्थलों पर उन्होंने बरगद, पीपल, आम, नींबू, चीकू, अमरूद और रुद्राक्ष सहित अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए हैं। शत्रुघ्न पांडे बताते हैं कि वर्ष 1980 में नौकरी लगने के बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्रों की स्थिति देखी। हरियाली की कमी और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को देखकर उनके मन में पौधारोपण का विचार आया। शुरुआत में उन्होंने अपने कार्यस्थल के आसपास करीब 20 हजार पेड़ लगाए। वे स्वयं पौधों को पानी देते थे और पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करते थे। धीरे-धीरे यह कार्य उनका जीवन मिशन बन गया।

### रोज सुबह 5 बजे निकल जाते हैं पौधों की सेवा में




#### पेड़ों की सेवा ही बना जीवन का उद्देश्य

सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ है। वे रोज सुबह 5 बजे उठकर पौधों की देखभाल के लिए निकल पड़ते हैं। पौधों को पानी देना, सुरक्षा करना और लोगों को जागरूक करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। उनका कहना है कि जब तक जीवन रहेगा, तब तक वे पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण का कार्य करते रहेंगे।

#### अपने संसाधनों से करते हैं पौधारोपण

शत्रुघ्न पांडे किसी सरकारी सहायता का इंतजार नहीं करते। वे अपने निजी संसाधनों से पौधे तैयार करते हैं और उन्हें उपयुक्त स्थानों तक पहुंचाते हैं। पुराने मकानों, खंडहरों और वीरान जगहों में उगे बरगद जैसे पौधों को खोजकर सुरक्षित स्थानों पर रोपित करते हैं। उनका कहना है कि पेड़ लगाना उन्हें मानसिक शांति और नई ऊर्जा देता है।



#### शहर के कई क्षेत्रों को दी हरियाली

उन्होंने धमतरी कोतवाली, अर्जुनी मोड़, रुद्री मार्ग, रायपुर रोड, कलेक्टर बंगला परिसर सहित अनेक स्थानों पर हजारों पौधे लगाए हैं। वर्षों की मेहनत से कई क्षेत्र अब हरे-भरे नजर आते हैं। वे लोगों को भी पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हैं। स्थानीय लोग उन्हें पर्यावरण मित्र और हरियाली मित्र के नाम से जानते हैं।

# अधिमास में बर्फानी बाबा के रूप में दर्शन दिए मकेश्वर महादेव

- दर्शन व बर्फ प्रसादी के लिए उमड़े श्रद्धालु
- अच्छी वर्षा एवं फसल के लिए की गई विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के शास्त्री चौक स्थित मकेश्वर महादेव 800 साल पुरानी परंपरा एवं मान्यताओं को अपने में समाहित कर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। श्रद्धालुओं द्वारा उनका तीज त्योहार तथा विशेष पर्व में अलग-अलग रूपों में श्रृंगार किया जाता है।

प्रतिदिन पूजा अनुष्ठान के साथ ही सोमवार को विशेष रूप से महाआरती व भंडारे का भी आयोजन होता है। अधिक मास के इस सोमवार को भगवान भोले भंडारी का कैलाश मानसरोवर तथा अमरनाथ बाबा की तर्ज पर मनमोहक बर्फ से श्रृंगार किया गया था जिसके दर्शन लाभ के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों को बर्फ के प्रसाद के रूप में शरबत, चुस्की का वितरण किया गया। पंडित करण शास्त्री ने महाआरती कर अच्छी बारिश व उत्कृष्ट फसल की प्रार्थना की। इस पूजा अर्चना के मुख्य यजमान गोपाल कटारिया एवं निधि कटारिया परिवार थे। मंदिर की सेवा संभालने वाली गोमती चौबे ने लोगों से आगामी समय में भी धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### स्वस्थ और नशामुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

**अंवरी।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को तपस्या भवन भखारा में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, तामेश्वर साहू, गीतालक्ष्मी साहू आर्ट ऑफ लिविंग कुरूद एवं बीके करुणा संचालिका, तपस्या भवन ओम शांति सेंटर भखारा रहे। मुख्य अतिथि हरखचंद जैन ने कहा कि तम्बाकू का सेवन कैंसर सहित अनेक घातक बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

# औषधीय पौधों की खेती कर किसान बनें आत्मनिर्भर, शासन देगा सहयोग : विकास

- सजीव बच विदोहन प्रशिक्षण में किसानों को दी गई औषधीय खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छग आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा ग्राम राउतमुड़ा में सजीव बच विदोहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धमतरी एवं नारायणपुर (अबूझमाड़) के किसानों ने औषधीय पौधों की खेती एवं विदोहन की तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि औषधीय पौधों की खेती किसानों के लिए समृद्धि का नया मार्ग है। उन्होंने किसानों से बच, खस एवं अन्य औषधीय पौधों की खेती अपनाने का आह्वान किया। बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने कहा कि औषधीय खेती को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड हरसंभव तकनीकी एवं मार्गदर्शन सहायता उपलब्ध कराएगा।

बोर्ड के को-ऑर्डिनेटर फकीरराम कोसरिया ने जिले में बोर्ड द्वारा संचालित गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे.ए.सी.एस. राव ने बताया कि पैडी डायवर्सन मॉडल के अंतर्गत धान की पारंपरिक खेती के विकल्प के रूप में बच की खेती किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। लगभग 20 हजार रुपये की लागत से एक एकड़ में बच की खेती कर किसान एक वर्ष में करीब एक लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर सकते हैं।

#### बच विदोहन का व्यावहारिक प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान बच के खेत में जड़ों की हार्वेस्टिंग एवं प्रसंस्करण की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। ट्रैक्टर से आड़ी-तिरछी जुताई कर मिट्टी से जड़ों को बाहर निकाला गया, फिर उन्हें साफ कर छायादार स्थान पर एकत्र किया गया। इसके बाद अतिरिक्त जड़ों को अलग कर मुख्य जड़ों को 2 से 3 इंच के टुकड़ों में काटकर सुखाने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में बोर्ड के सलाहकार डी.के.एस. चौहान, को-ऑर्डिनेटर फकीरराम कोसरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में लगभग 50 किसानों ने सहभागिता की।

#### खस की खेती से अतिरिक्त आय

बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम एवं उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने ग्राम पोटियाडीह में मां गायत्री स्व-सहायता समूह द्वारा दो एकड़ क्षेत्र में की जा रही खस की खेती का निरीक्षण किया। समूह की महिलाओं ने बताया कि आगामी सप्ताह में खस की जड़ों की हार्वेस्टिंग की जाएगी, जिससे उन्हें लगभग एक लाख रुपये की आय प्राप्त होने की संभावना है।

# जिला अस्पताल में सभी जांचें नियमित रूप से संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




जिला चिकित्सालय में हार्मोन, विटामिन-डी, विटामिन बी 12 सहित लगभग 12 प्रकार की प्रयोगशाला में जांच हो रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित जांचों के लिए आवश्यक रिएजेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला चिकित्सालय द्वारा पूर्व में ही राज्य कार्यालय को मांग पत्र प्रेषित किया गया था। मांग के अनुरूप रिएजेंट प्राप्त होने के पश्चात संबंधित जांचों का संचालन पुनः प्रारंभ कर दिया गया था। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा अटल आरोग्य लैब योजना का संचालन एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत हार्मोनल जांच, विटामिन-डी, विटामिन बी12 सहित अन्य सभी आवश्यक प्रयोगशाला जांचें नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिला चिकित्सालय में आवश्यक जांच सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित हैं तथा मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक
धमतरी, मो.नं. 98264-32896

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

CH चटर्जी हॉस्पिटल
डॉ. सुधीर चटर्जी (एम.डी. मेडिसीन)
अम्बेडकर चौक, रुद्री रोड, धमतरी
मो. नं. : 70006-27909
ओपीडी का समय : प्रात: 10 से 2 बजे, शाम 6 से 8 बजे
सुविधाएं
वात रोग, उदर रोग, मिर्गी
कीमोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध
शुगर, खून, पेशाब जांच की सुविधा
कम्प्यूटराइज ईसीजी मशीन
डायबिटीज, हायपर टेंशन, थॉयरायड
बुखार, मलेरिया, निमोनिया, पीलिया
गुर्दे, लीवर, फेफड़े, नेबुलाइजर मशीन उपलब्ध
मल्टी आर्गन फेलियर, पायजनिंग, सर्पदंश
दिनांक : 4 जून, गुरूवार दोपहर 2 से 4 बजे तक
आपके शहर धमतरी में मस्तिष्क एवं स्नायु रोग विशेषज्ञ
सिरदर्द (माईग्रेन, तनाव सिरदर्द)
पार्किंसंस रोग (कंपकंपी, जकड़न, धीमी गति से चलना, संतुलन समस्या)
स्ट्रोक/लकवा (अचानक कमजोरी, सुन्नता, दृष्टि समस्या, भाषण कठिनाईयां, संतुलन समस्या)
मिर्गी और दौरे (बार-बार दौरे, आक्षेप, होश खोना)
पीठ दर्द, साइटीका
डॉ. छत्रपाल सिंह साहू
MBBS, MD (Med.), DM (Neuro)
(न्यूरो फिजिशियन)

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740